केंद्रीय विद्यालय क्र.2, वायुसेना, सूरतगढ (राज.)
KENDRIYA VIDYALAYA NO.2, AFS, SURATGARH

F. B-27/KV2/AFS/SOG/2018-19 **Date:-**

सुरक्षा एंव देखभाल कार्य का निविदा फार्म

सेवा में
मैसर्स...
....
....

विषय:- विद्यालय भवन एंव परिसर की विद्यालय के कार्यादेश के अनुसार सुरक्षा (**Security**) सेवाओं हेतु निविदा फार्म।

महोदय / महोदया,

1- निविदा को विद्यालय द्वारा उपलब्ध कराये गये संलग्न बोली के प्रारूप ए में अपनी फर्म के रेट तथा विदयालय द्वारा भेजी गई समस्त नियम व शर्तो की प्रति ठेकेदार के द्वारा हस्ताक्षर मय सील बंद लिफाफें में पूर्ण रूप से भरे हुए निविदा फार्म के साथ (एसबीआई बैंक का चैक या डिमांड ड्राफ्ट "केन्द्रीय विद्यालय क्रमांक 2 वायुसेना सूरतगढ" के पक्ष लगाकर, यदि आपने निविदा फार्म, बोली का प्रारुप तथा बोलीदाता की सूचना का प्रारुप विद्यालय की वेबसाईट www.kv2afssuratgarh.org से download किया है तो) स्पीड पोस्ट / पंजीकृत डाक द्वारा पंहुचाने / व्यक्तिगत रूप से वायुसेना सूरतगढ़ के गेट न. एक पर रखे हुए टेंडर बौक्स (Tender Box) में डालने की अंतिम तिथि दिनांक 15.10.2018 समय दोपहर 10:00 बजे है| निविदाए पंजीयन डाक द्वारा दिनांक 13.10.2018 समय दोपहर 2:00 बजें तक विदयालय कार्यालय में पंहुचाना अनिवार्य हैं। डाक में विलम्ब होने की जवाबदारी विदयालय की नहीं होगी।

2- निविदाए दिनांक 15.10.2018 को प्रात: 11.00 बजे प्राचार्य कार्यालय में खोली जायेगी। इस दौरान सबन्धित फर्मो के अधिकृत कर्मचारी भी उपस्थित रह सकते है।

3- निविदा में दर देने से पूर्व विद्यालय स्थल का निरीक्षण एंव शर्तो का अध्ययन कर लेवें। निविदा फार्म में दिए गए नियमों व शर्तो तथा संलग्न बोली के प्रारूप ए के अनुसार ही कोटेशन विदयालय में जमा करनी होगी।

4- फर्म के रजिस्ट्रेशन से सम्बन्धित दस्तावेजो जैसे:- सुरक्षा (Security) लाइसेंस, पेन (PAN) नम्बर, ईपीएफ (EPF) नम्बर, ईएसआई (ESI) नम्बर, जीएसटी (GST) रजिस्ट्रेशन, बैंक खाता पास बुक तथा निरऽस्त चैक आदि से सम्बधित द्स्तावेजो की प्रति कोटेशन के साथ लगाना अनिवार्य हैं। अन्यथा निविदा निरस्त कर दी जायेगी।

5- कोटेशन में किसी प्रकार की काट छांट व ओवर राईटिंग नही होनी चाहिए। कोटेशन पूर्ण रूप से सही भरे होने चाहिए अन्यथा अस्वीकृत कर दिए जाएंगे।

6- निविदा फीस सुरक्षा एंव देखभाल सेवाएं हेतु रुपये 200/- के एसबीआई बैंक के चैक या डिमांड ड्राफ्ट "केन्द्रीय विद्यालय क्रमांक 2 वायुसेना सूरतगढ" के पक्ष में प्रस्तुत कर प्राप्त किया जा सकता है या विद्यालय की वेबसाईट www.kv2afssuratgarh.org से download करके पूर्ण रूप से भरे हुए निविदा फार्म के साथ एसबीआई बैंक का चैक या डिमांड ड्राफ्ट "केन्द्रीय विद्यालय क्रमांक 2 वायुसेना सूरतगढ" के पक्ष लगाकर स्पीड पोस्ट / पंजीकृत डाक द्वारा पंहुचाने / व्यक्तिगत रूप से वायुसेना सूरतगढ़ के गेट न. एक पर रखे हुए टेंडर बौक्स (Tender Box) में डालने की अंतिम तिथि दिनांक 15.10.2018 समय दोपहर 10:00 बजे है|

7- बिना निविदा फीस के प्राप्त निविदाओं को सिरे से खारिज कर दिया जायेगा। निविदा फीस वापिस देय नहीं होगी |

8- निविदा स्वीकृत होने पर सम्पूर्ण वर्ष की अनुमानित राशि के अनुसार 10% तक सुरक्षा जमा राशि (Security money deposit) के तौर पर विदयालय में जमा करवायी जायेगी तथा नियमानुसार टीडीएस की कटौती की जाएगी।

9- कोटेशन स्वीकार होने पर एक अनुबंध होगा तथा ठेकेदार सभी नियम व शर्तो को स्वीकार करने के लिए बाध्य होगा।

10- इस फार्म के साथ संलग्न बोली के प्रारूप ए तथा अनुबन्ध (Model Agreement) की शर्तें भी यथावत लागू होंगीं ।

11- टेंडर स्वीकृति के पश्चात फर्म / ठेकेदार द्वारा कोटेशन के नियम व शर्तो के नही मानने पर सुरक्षा जमा राशि जब्त कर ली जायेगी।

12- समस्त कर्मचारियों को पोशाक फर्म / ठेकेदार द्वारा प्रदान की जाएगी तथा कर्मचारी को उक्त पौशाक पहन कर प्रतिदिन विद्यालय में आना अनिवार्य होगा।

13- ठेकेदार/फर्म द्वारा उपलब्ध करवाए गये कर्मचारी के लिए विद्यालय में धुम्रपान / मद्यपान निषेध होगा। ऐसा करते पाये जाने पर फर्म / ठेकेदार के विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी । सभी कर्मचारियों को शारिरिक तथा मानसिक रूप से स्वस्थ होना अनिवार्य है।

14- उपरोक्त कार्य हेतु उपलब्ध करवाये गये कर्मचारियों की नियुक्ति के बाद 15 दिनों के भीतर पुलिस विभाग से चरित्र सत्यापन ठेकेदार द्वारा करवाकर विद्यालय में दिया जाना अनिवार्य होगा। अन्यथा सुरक्षा जमा राशि जब्त कर ली जायेगी।

15- सुरक्षा एंव देखभाल सेवाएं (**Security and Watch & Wards Services**):- विद्यालय भवन एंव परिसर की विद्यालय के कार्यादेश अनुसार वर्दीधारी एव अनुभवी (experienced) बिना हथियार (Without Arms) के सुरक्षा कर्मियों (Security Guards) द्वारा 24 घंटों की सुरक्षा एंव देखभाल (Security and Watch & Wards Services) हेतु प्रत्येक सुरक्षाकर्मी 8-8 घंटे की शिफ्ट में पहली शिफ्ट प्रात: 06:00 बजे से दोपहर 02:00 बजे तक, दूसरी शिफ्ट दोपहर 02:00 बजे से रात्रि 10:00 बजे तक तथा तीसरी शिफ्ट रात्रि 10:00 बजे से प्रात: 06:00 बजे तक घडी के समयानुसार सुरक्षा कर्मियों को नियुक्त किया जायेगा। विद्यालय की सम्पूर्ण सुरक्षा एंव देखभाल, प्रत्येक सुरक्षाकर्मी को साप्ताहिक अवकाश (Weekly Rest) देने तथा उसके स्थान पर दूसरे सुरक्षाकर्मी की व्यवस्था करने की जिमेदारी ठेकेदार की होगी। किसी भी प्रकार की कमी पाये जाने पर ठेकेदार से नुकसान की भरपाई की जायेगी। ठेकेदार का कर्मचारी यदि अनुपस्थित रहेगा तो उसी अनुसार बिल में से भुगतान काटा जायेगा।

16- रेट प्रति व्यक्ति प्रति माह की दर से व संलग्न बोली के प्रारूप ए के अनुसार देवें।

17- अधोहस्ताकरकर्ता कोटेशन को पूर्ण या भागों (whole or part) में स्वीकार करने का अधिकार रखता हैं और किसी भी निम्नतम राशि की कोटेशन को स्वीकृत करने के लिए बाध्य नहीं हैं।

18- उपरोक्त दिये गये नियम व शर्तो के अनुसार निविदा नहीं पाए जाने पर निविदा को निरस्त कर दिया जायेगा।

19- ठेकेदार / फर्म द्वारा उपलब्ध कराये गये कर्मचारियों के परिश्रमिक भुगतान हेतु श्रमिक को देय न्युनतम मजदूरी दर, ईपीएफ कटौती, ईएसआई एवं पुलिस विभाग से चरित्र सत्यापन आदि हेतु प्रत्यक्ष रूप से जिम्मेदार होगा जो कि केन्द्र सरकार के नियम व शर्तो आदि के अनुरूप होगा।

20- केन्द्रीय विद्यालय ठेकेदार के कर्मचारियों के किसी भी दावे को स्वीकार नहीं करेगा ।

21- जहां पर केन्द्र सरकार एंव राज्य सरकार दोनो द्वारा न्यूनतम मजदूरी दर निर्धारित की गई है । जो दोनो में से अधिक है वह लागू होगी ।

22- न्यूनतम मजदूरी से कम पर निविदा प्रस्तुत करने पर निविदा को स्वीकार नहीं किया जायेगा एंव उसे निरुतर (Non-responsive) समझा जावेगा ।

23- ठेकेदार द्वारा उपलब्ध कराये गये कर्मचारियों को परिश्रमिक का भुगतान फर्म द्वारा सम्बंधित कर्मचारी के बैंक खाते में एकमुश्त जमा करवाया जाएगा तथा उक्त बैंक खाता के स्टेटमेंट की फोटो प्रति भुगतान बिल के साथ प्रस्तुत किया जावेगा ।

24- ठेकेदार द्वारा उपलब्ध कराये गये कर्मचारियों को माह की 05 तारिख तक मासिक परिश्रमिक का भुगतान बिना किसी कटौती के कराना होगा ।

25- ठेकेदार द्वारा भुगतान हेतु बिल के साथ कर्मचारियों को किए गये भुगतान के साक्ष्य जैसे:- कर्मचारियों को किए गये भुगतान के चैको के विवरण मय राशि की फोटोप्रति, ईपीएफ, ईएसआई तथा जीएसटी के भुगतान की फोटोप्रति प्रस्तुत करना अनिवार्य है जिसके पश्चात विद्यालय द्वारा बिल प्राप्ति के 15 दिनों के भीतर भुगतान कर दिया जायेगा ।

26- न्यूनतम मजदूरी एक्ट 1948 एंव समय पर केन्द्र सरकार एंव राजस्थान सरकार द्वारा जारी निर्देशों का पूर्ण रूप से पालन करना अनिवार्य होगा।

27- संविदाकार के कर्मचारी केन्द्रीय विद्यालय के कर्मचारियों को परेशान नहीं करेंगे अथवा विद्यालय परिसरों मे किसी प्रकार का शोर नहीं करेंगे ।

28- संविदाकार के कामगार विनम्र , शिष्ट, अच्छे व्यवहार करने वाले एंव ईमानदार होने चाहिए ।

29- संविदाकार के कामगारों द्वारा की गई किसी प्रकार की चोरी, आग अथवा किसी प्रकार के अनिष्टकारी कार्य के लिए संविदाकर्मी पूरी तरह से उत्तरदायी एंव जिम्मेदार होगा ।

30- सभी कामगारों को काम पर लगाने से पूर्व इनके पूर्ववृत की एजेंसी द्वारा पूलिस से जांच करवानी होगी ।

31- संविदाकार के कामगार केन्द्रीय विद्यालय परिसर में किसी प्रकार के गैर कानूनी कार्य नहीं करेंगे तथा उनका चरित्र अच्छा होना चाहिए ।

32- यदि संविदाकार के कामगारो के किसी कार्यो के कारण केंद्रीय विदयालय को प्रत्यक्ष रूप से कोई वित्तीय हानि होती हैं तो उस संविदाकार पर नकद दण्ड लगाने का अधिकार होगा अथवा उसकी प्रतिभूति जमा में से ऐसी राशि काटने का अधिकार होगा।

33- संविदाकार मंजदूरी का भुगतान करने के लिए प्रत्यक्ष रूप से जिम्मेदार होगा जो केंद्र सरकार द्वारा निर्धारित न्यूंतम मजदूरी से कम नही होना चाहिए तथा राज्य/केंद्रमें लागू प्रासंगिक नियम तथा विनिमय के तहत इसके कर्मचारियो को दिए जाने वाले ऐसे अन्य लाभ इसमें शामिल होंगे। केंद्रीय विदयालय संविदाकार द्वारा काम में लगाए गये व्यक्ति के ऐसे किसी दावे का भुगतान नही करेगा तथा इसके लिए जिम्मेदार नही होगा।

34- कामगारो के बीमा तथा दुर्घटना जोखिम की जिम्मेदारी संविदाकार की होगी।

35- संविदाकार के सभी कामगारो को संक्रामक रोग नहीं होने चाहिए।

36- संविदाकार यह सुनिश्चित करेगा कि सम्बंधित प्राधिकारियों से समुचित लाईसेंस/अनुमति जहा लागू हो, तत्काल प्राप्त की जानी चाहिए।

37- संविदाकार लिखित में केंद्रीय विदयालय से पूर्व अनुमति लिए बिना इस करार के तहत निष्पादित की जाने वाली सेवाए किसी अन्य संविदाकार अथवा व्यक्ति को अंतरित नही करेगा।

38- संविदाकार पर्याप्त कामगारों को यह सुनिश्चित करने के लिए नियोजित करेगा कि केंद्रीय विदयाल्य कि संतुष्टि के अनुसार कार्य समय पर किया जाता हैं। कार्य का पर्यवेक्षण करने के लिए पर्यवेक्षकों के साथ पर्याप्त कामगार जिम्मेदारी निभाने के लिए नियोजित किए जायेगे।

39- यदि संविदाकार के किसी कामगार की उपस्थिति किसी समय अवांछनीय पायी जाती हैं तो उसे केंद्रीय विदयालय के परिसर को छोडने के लिए आदेश देने का अधिकार केंद्रीय विदयालय का होगा।

40- Pre. Contract Integrity Pact ठेकेदार द्वारा हस्ताक्षर करके कोटेशन के साथ जमा करना होगा।

41- विदयालय में दशहरा अवकाश, शीतकालीन अवकाश एवं ग्रीष्म कालीन अवकाश के समय कामगारों कि सख्या आवश्यकतानुसार घटाई जायेगी एवं तदनुसार भुगतान किया जायेगा।

42- निविदा सलंग्नक के साथ भर कर एव हस्ताक्षर व सील लगा कर जमा करवाना होगा।

43- अगर निविदादाता सर्विस चार्ज/यूनिफोर्म चार्ज/बोनस अप्रत्यक्ष खर्चो एव लाभ के लिए पर्याप्त राशि निविदा मे कोट (Quote) नही करता हैं तो निविदा को अयोग्य घोषित किया जा सकता हैं।

44- कोट की गई दरे अनुबध के दौरान स्थायी रहेगी एवं कोई किसी प्रकार का बदलाव नही होगा सिवाय वैधानिक प्रावधानों के अगर उनमें परिवर्तन हुआ हो तो। अगर दर में परिवर्तन वैधानिक प्रावधानों की वजह से हुआ हैं तो उसके अलावा कोई परिवर्तन नही होगा एवं सर्विस चार्ज, वर्दी का खर्च, बोनस, टीडीएस व अन्य लाभांश इत्यादि की राशि में कोई बदलाव स्वीकार नहीं होगा। निविदादाता सोच समझ कर दर कोट करें।

45- निविदा का अनुबनंध एक वर्ष के बाद समाप्त माना जायेगा परंतु यह दोनो पक्षों की सहमति से और विद्यालय की आवश्यकता व परिस्थितियों के अनुसार 20.03.2020 तक बढाया जा सकता हैं।

निविदादाता के हस्ताक्षर एवं मोहर — के.एस.चौहान

शर्तो की स्वीकृति के रूप में — प्राचार्य

केंद्रीय विदयालय क्र.2, वायुसेना, सूरतगढ (राज.)

KENDRIYA VIDYALAYA NO.2, AFS, SURATGARH (Raj.)

बोलीदाता की सूचना का प्रारुप / Format of Information of Bidder

Form for providing necessary information by Bidder
Tender Form for providing Security Guards (Without Arms) Services

1.	Name of Bidder.	
2.	Due date for tender.	
3.	Opening time and date of tender.	
4.	Name, address of firm / agency and contact numbers.	
5.	Name, designation, address of firm / agency and contact No. of authorized person of firm / agency.	
6.	Please specify as to whether tender is sole proprietor / partnership firm. Name, address and contact No. of Director / Partners should specified.	
7.	Copy of PAN card issued by income tax dept. and copy of previous financial year's income tax return.	
8.	Copy of Registration No. of the firm / agency	
9.	Copy of Employee Provident Fund A/c Number.	
10.	Copy of ESI Number	
11.	Copy of Security License Number under Contract Labour (R&A) Act.	
12.	Copy of Service Tax Registration Number.	
13.	Copy of Goods and Service Tax (GST) No.	
14.	Copy of bank account details of the firm / agency. Enclose copy of cheque leaf duly cancelled.	
15.	Any other information.	

Declaration by the Bidder:-

This is to certify that I / we before signing the tender have read and fully understood all the terms and conditions contained herein and undertake myself / ourselves abide them.

बोलीदाता के हस्ताक्षर / Signature of Bidder ………………………….

नाम व पता मोहर सहित /Name and address with seal ……………………………….. ……………………..……………………….

Dated ………….

केंद्रीय विदयालय क्र.2, वायुसेना, सूरतगढ (राज.)
KENDRIYA VIDYALAYA NO.2, AFS, SURATGARH (Raj.)
बोली का प्रारुप / Format of Bid

1- **कार्य का विवरण :-** विद्यालय भवन एंव परिसर की वर्दीधारी बिना हथियार (Without Arms) के सुरक्षा कर्मियों (Security Guards) द्वारा 24 घंटों या विद्यालय के कार्यादेशानुसार की सुरक्षा एंव देखभाल (Security and Watch & Wards) हेतु निविदा फार्म व अनुबन्ध की शर्तों की सहमति के साथ ।

2- फर्म के पास उपलब्ध श्रमिकों की कुल संख्या :- ....-

3- कार्य हेतु आवश्यक कर्मिकों की संख्या :- कार्यादेशानुसार (बिना हथियार के)

कार्य की दर :- प्रारुप-ए (Annexure-A)

क्र. सं.	कार्य का प्रकार	प्रतिव्यक्ति प्रतिदिन मजदूरी दर (बिना हथियार के)	प्रतिव्यक्ति प्रतिमाह (30 दिन) मजदूरी दर	ई.पी.एफ. (13.36%) प्रतिव्यक्ति प्रतिमाह	ई.एस.आई. (4.75%) प्रतिव्यक्ति प्रतिमाह	सेवा शुल्क/फर्म का खर्चा :- प्रतिव्यक्ति प्रतिमाह जीएसटी (GST), वर्दी का खर्च, बोनस, टीडीएस व अन्य लाभांश	प्रतिव्यक्ति प्रतिमाह कॉलम 4+5+6+7 का कुल योग
1.	2.	3.	4.	5.	6.	7.	8.
1.	विद्यालय भवन एंव परिसर की वर्दीधारी सुरक्षा कर्मियों द्वारा 24 घंटों या कार्यादेशानुसार की सुरक्षा					प्रतिव्यक्ति प्रतिमाह 1. जीएसटी (GST)............ 2. वर्दी का खर्च................ 3. बोनस......................... 4. टीडीएस...................... 5. अन्य लाभांश............. योग................	

नोट:-

1. इकाई मूल्य और कुल कीमत के बीच विसंगति के मामले में इकाई मूल्य मान्य होगा। In case of discrepancy between unit price and total price, the unit price shall prevail.

2. हम मानव शक्ति के उपर सेवा प्रदान करने के लिए और बोली दस्तावेज में निहित नियमों और शर्तो का पालन करने के लिए सहमत हैं और यह भी प्ररूप सलंग्न में समझोते में प्रवेश करने के लिए सहमत हैं। We agree to provide the aboe service of manpower and to abide by the terms and conditions contained in the bid document and also agree to enter into the agreement in the format enclosed.

3. सेवा शुल्क (kaolamकॉलम न.7) में वर्णित राशि प्रति व्यक्ति प्रतिमाह मजदूरी दर (kaolamकॉलम न.4 में वर्णित राशि) के 1% से कम नहीं हों|

ग्वाह के नाम एंव हस्ताक्षर

Name and Signature witness

1…………………………………

2…………………………………

Dated:……………………….

बोलीदाता (Bidder)

हस्ताक्षर/Signature…………………………

नाम/Name:…………………………………..

मोहर/Seal:……………………………………….